{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
सोमवार 01 जून 2026
ज्येष्ठ शुक्ल 15 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 247
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने संभाला नौसेना प्रमुख का कार्यभार

नई दिल्ली । भारतीय नौसेना को अपना 27वां नौसेना प्रमुख मिल गया है। 31 मई को एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक परिसर में आयोजित औपचारिक समारोह में प्रतिष्ठित पद का कार्यभार ग्रहण किया। पद संभालने के बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया, जिसके साथ ही उन्होंने एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लिया, जो उसी दिन सेवा से सेवानिवृत्त हुए। 1 जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त करने वाले एडमिरल स्वामीनाथन संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला सहित यूनाइटेड किंगडम स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेवल वॉर कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित रक्षा संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। अपने नौसैनिक करियर में, उन्होंने मिसाइल पोत आईएनएस विद्युत और विनाश, मिसाइल कॉर्वेट आईएनएस कुलिश, निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मैसूर और विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य सहित अनेक महत्वपूर्ण परिचालन इकाइयों की कमान संभाली है।

### जनरल सुब्रमणि ने सीडीएस का पदभार संभाला

नई दिल्ली। देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को पदभार संभाल लिया। दिल्ली में उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे देश के तीसरे सीडीएस हैं। उन्होंने जनरल अनिल चौहान की जगह ली है। जनरल चौहान शनिवार को रिटायर हुए थे। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना, रक्षा मंत्रालय और सभी संबंधित संस्थान देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में स्वदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों के अपडेशन, उनकी खरीद और इस्तेमाल को तेज किया जाएगा। सेना की ताकत बढ़ाने के लिए नई सोच और नए तरीकों को अपनाया जाएगा।

### मेघालय में 2.8 तीव्रता का हल्का भूकंप, जानमाल सुरक्षित

ईस्ट गैरो हिल्स। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने रविवार सुबह मेघालय के पश्चिमी खासी हिल्स जिले में 2.8 तीव्रता का हल्का भूकंप दर्ज किया। सुबह 6:50 बजे आए इन झटकों से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। भूकंप का केंद्र पश्चिम खासी हिल्स में 10 किलोमीटर की गहराई में था, जो चेरापूंजी से लगभग 77 किलोमीटर डब्ल्यूएनडब्ल्यू दिशा में स्थित था।

### कुछ ना कहना




## आईपीएल 2026 फाइनल

# बेंगलुरु ने 'विराट' अंदाज में जीता अपना दूसरा आईपीएल खिताब

### गुजरात को 5 विकेट से हराया; कोहली ने छक्का लगाकर जीत दिलाई, रसिख को 3 विकेट

अहमदाबाद । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। पिछले सीजन में पंजाब किंग्स को हराकर टीम पहली बार चैंपियन बनी आरसीबी ने इस बार खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए नया इतिहास रच दिया।

रविवार को अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। गुजरात के लिए वाशिंगटन सुंदर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। 156 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत संतुलित रही। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए अर्धशतक लगाया और टीम की जीत की नींव रखी। आरसीबी ने 18 ओवर में पांच विकेट खोकर 161 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



#### कोहली को जीवनदान

विराट कोहली को 16वें ओवर में जीवनदान मिला। अरशद खान की गेंद पर कोहली का शॉट हवा में गया और शुभमन गिल ने आगे की ओर डाइव लगाकर कैच लेने का दावा किया। मामला थर्ड अंपायर के पास गया, जहां रिप्ले में गेंद का कुछ हिस्सा जमीन को छूता हुआ दिखा। इसके बाद कोहली को नॉट आउट करार दिया गया।

#### लगातार दूसरी बार बनी चैंपियन

आरसीबी ने 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतकर 18 साल के इंतजार को खत्म किया था। इसके बाद 2026 में लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतकर टीम ने अपनी बादशाहत कायम रखी। आईपीएल इतिहास में यह आरसीबी का दूसरा खिताब है।

#### पांचवीं बार फाइनल में पहुंची थी आरसीबी

आरसीबी ने आईपीएल इतिहास में कुल पांचवीं बार फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले टीम 2009, 2011, 2016 और 2025 में फाइनल खेल चुकी थी। हालांकि 2009, 2011 और 2016 में उसे हार का सामना करना पड़ा था। 2025 में पहली बार चैंपियन बनने के बाद टीम ने 2026 में भी खिताब जीतकर अपने सुनहरे दौर को आगे बढ़ाया।

## ईडी के विशेष निदेशक सत्यव्रत कुमार ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

### कई हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच का किया था नेतृत्व

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष निदेशक (स्पेशल डायरेक्टर) सत्यव्रत कुमार ने सेवा के लगभग 11 वर्ष शेष रहते हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने का फैसला किया है। उनके इस अचानक निर्णय ने प्रशासनिक और जांच एजेंसियों के गलियारों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सत्यव्रत कुमार उन अधिकारियों में शामिल रहे हैं, जिन्होंने देश के कई चर्चित आर्थिक अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच का नेतृत्व किया था। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस- कस्टम एवं अप्रत्यक्ष कर) के 2004 बैच के अधिकारी सत्यव्रत कुमार वर्ष 2013 में मुंबई में संयुक्त निदेशक (जॉइंट डायरेक्टर) के रूप में ईडी में शामिल हुए थे। बाद में उन्होंने मुंबई इकाई के प्रमुख के तौर पर कार्य किया और कई हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच का नेतृत्व किया। सितंबर 2024 में उन्हें प्रवर्तन निदेशालय के विशेष निदेशक के रूप में कोलकाता स्थानांतरित किया गया था। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग सिलीगुड़ी में थी। हालांकि, अब उन्होंने अचानक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुन लिया है।

#### नीरव मोदी और मेहुल चोकसी मामले की जांच में अहम भूमिका

सत्यव्रत कुमार की निगरानी में ईडी ने देश के सबसे चर्चित बैंकिंग घोटालों में से एक,



लगभग 12,500 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले की जांच की थी। इस मामले में हीरा कारोबारी नीरव मोदी और मेहुल चोकसी आरोपी हैं। इसके अलावा उन्होंने भगोड़े कारोबारी विजय माल्या से जुड़े बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के लगभग 9,200 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण घोटाला मामले में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

सत्यव्रत कुमार ड्रग तस्कर इकबाल मेमन उर्फ इकबाल मिर्ची से जुड़े आतंक वित्तपोषण मामले की जांच में भी शामिल रहे। इसके अलावा उन्होंने यस बैंक-डीएचएफएल (डीएचएफएल) घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर के खिलाफ जांच की निगरानी की थी। महादेव ऑनलाइन बुक ऐप से जुड़े अवैध सट्टेबाजी और ऑनलाइन जुआ मामले की जांच में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह मामला करोड़ों डॉलर के अवैध वित्तीय लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा माना जाता है।

मुंबई में कार्यकाल के दौरान सत्यव्रत कुमार का नाम महाराष्ट्र के कई चर्चित राजनीतिक मामलों में भी सामने आया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता नवाब मलिक की गिरफ्तारी, पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और शिवसेना सांसद संजय राउत से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच के दौरान भी वे प्रमुख अधिकारियों में शामिल थे।

#### पहले मिल चुकी थी सेवा विस्तार

साल 2022 में केंद्र सरकार ने उन्हें ईडी में अक्टूबर 2026 तक कार्य करने के लिए सेवा विस्तार दिया था। हालांकि, 2025 में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनका कार्यकाल कम कर उन्हें उनके मूल कैडर, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड में वापस भेजने का फैसला किया था। सत्यव्रत कुमार की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक कारण सामने नहीं आया है। ऐसे में उनके इस फैसले को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में विभिन्न तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

## वेश्यावृत्ति में लगी हर महिला मजबूर नहीं, पुनर्वास से पहले सहमति जरूरी- सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में साफ किया है कि वेश्यावृत्ति में संलग्न हर महिला को केवल मजबूर मानकर पुनर्वास केंद्र में भेज देना गलत है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि कई महिलाएं स्वेच्छा से यौनकर्मि का काम कर रही हैं, और यदि कोई वयस्क महिला अपनी मर्जी से ऐसा कर रही है, तब उसकी इच्छा जाने बिना पुनर्वास केंद्र में भर्ती करना गलत होगा। जस्टिस जे.बी. पारडीवाला और आर. महादेवन की बेंच ने प्रज्वला बनाम भारत सरकार मामले में आवेदन का निपटारा कर यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया, जिसका उद्देश्य यौनकर्मियों के पुनर्वास की व्यवस्था को बेहतर बनाना था।



सुप्रीम कोर्ट ने मौजूदा इम्मोरल ट्रैफिक प्रीवेंशन एक्ट, 1956 (आईटीपीए) की धारा 17 को अव्यावहारिक और पुरुषवादी सोच से ग्रस्त बताया। न्यायालय ने टिप्पणी की कि यह कानून सभी सेक्स वर्कर महिलाओं को एक ही नजरिए से देखता है, बिना इस बात का भेद किए कि क्या उन्हें जबरन इस काम में धकेला गया है या वे अपनी इच्छा से इसमें हैं। यह प्रवृत्ति मजिस्ट्रेट के सामने ऐसी महिलाओं को पेश करते समय उनकी वास्तविक स्थिति की अनदेखी करती है।

फैसले में कहा गया है कि यह पूरा विषय महिला के जीवन, स्वतंत्रता और भविष्य से जुड़ा है, और उसकी इच्छा की अनदेखी नहीं हो सकती। मजिस्ट्रेट को महिला से उसकी इच्छा के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी लेनी चाहिए। यदि कोई महिला स्वेच्छा से वेश्यावृत्ति कर रही है और जारी रखना चाहती है, तथा स्थायी संरक्षण या पुनर्वास केंद्र में दाखिल नहीं होना चाहती, तब उस महिला को जाने देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने साफ किया कि महिला से पूछताछ के दौरान मजिस्ट्रेट को अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी। उन्हें इस बात से संतुष्ट होना चाहिए कि महिला जो भी कह रही है, वह अपनी मर्जी से कह रही है और उसके बयान के पीछे कोई दबाव या जोर-जबरदस्ती नहीं है। यदि मजिस्ट्रेट संतुष्ट होते हैं कि महिला अपनी इच्छा से वेश्यावृत्ति के काम में है और पुनर्वास नहीं चाहती, तब उस महिला को पुनर्वास केंद्र में नहीं भेजा जाना चाहिए।

## साकेत में पांच मंजिला इमारत ढही, दो की मौत और कई घायल

नई दिल्ली । नई दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के पास एक पांच मंजिला इमारत भरभराकर ढह गई, जिसमें दो लोगों की दुखद मौत हुई और कई अन्य घायल है। हादसे के बाद से साउथ दिल्ली के सैदुलाजाब इलाके में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य जारी है। घटना में कुल 10 घायलों को अस्पताल लाया गया। इसमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज चल रहा है, जबकि छह अन्य घायलों की स्थिति स्थिर है। अस्पताल प्रशासन ने पुष्टि की कि दो लोगों को मृत अवस्था में ही अस्पताल लाया गया था।

यह इमारत साकेत मेट्रो स्टेशन के पास महरौली थाना इलाके में ढही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इमारत गिरने से कुछ क्षण पहले तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिसके तुरंत बाद धूल और मलबे का विशाल गुबार पूरे इलाके में फैल गया। जिस पांच मंजिला इमारत का ढांचा ढहा, वह एक व्यावसायिक इमारत थी जिसमें कई



दफ्तर थे। गनीमत रही कि शनिवार होने के कारण सभी कार्यालय बंद थे, जिससे एक बड़ी संख्या में लोग इस हादसे की चपेट में आने से बच गए।

ढहती हुई इमारत पास की ही एक दूसरी बिल्डिंग पर जा गिरी, जिसके नीचे बनी कैंटीन में उस वक्त कुछ छात्र खाना खा रहे थे। ये छात्र विदेश से एमबीबीएस करके लौटे थे और भारत की मेडिकल परीक्षा की तैयारी के लिए बगल वाली लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे थे। कैंटीन पूरी तरह मलबे के ढेर में तब्दील हो गई और वहीं कुछ छात्र दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा को शाम 7:44 बजे सूचना मिली और तुरंत सात दमकल गाड़ियों सहित पुलिस, एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। रातभर चले रेस्क्यू ऑपरेशन में बचाव दलों ने मलबे से 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था, लेकिन अन्य लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका को देखकर सर्च ऑपरेशन जारी है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के अन्य भवनों की भी जांच शुरू कर दी है ताकि किसी संभावित खतरे का आकलन किया जा सके।

## टीएमसी के एक और बड़े नेता पर हमला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में स्थित चंडीतला पुलिस स्टेशन के बाहर रविवार को राजनीतिक तनाव उस समय बढ़ गया, जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बनर्जी ने हमला होने और सिर पर चोट आने की बात कही। सांसद का दावा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से उन पर पत्थर या किसी भारी बॉल जैसी अन्य वस्तु से हमला किया गया, जिससे उनके सिर में चोट आई है। वहीं भाजपा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीतिक ड्रामा करार दिया है।

जानकारी के अनुसार, कल्याण बनर्जी टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी पर कथित हमले के विरोध में तथा गिरफ्तार पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर चंडीतला थाने में ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में टीएमसी समर्थक भी उनके साथ मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ज्ञापन सौंपने से पहले ही थाने के बाहर टीएमसी



और भाजपा समर्थकों के बीच नारेबाजी शुरू हो गई। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि भाजपा समर्थकों की ओर से लगाए गए नारों के बाद स्थिति और अधिक गर्म हो गई।

इसी दौरान कल्याण बनर्जी ने हमले की बात कही और आरोप लगाया कि भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने उन पर वस्तु फेंकी, जो उनके सिर पर लगी। घटना के बाद उन्हें सिर पर भीगा हुआ रूमाल रखे देखा गया। उन्होंने कहा कि वह लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने और ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, लेकिन उन पर हमला किया गया। सांसद ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि विपक्षी दलों द्वारा राजनीतिक हिंसा का माहौल बनाया जा रहा है।

#### टीएमसी पर हमले में 5 गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले में पुलिस ने रविवार को 5 आरोपियों को अरेस्ट किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके से जुटाए गए वीडियो फुटेज के आधार पर रातभर छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा गया। उधर ममता बनर्जी ने भतीजे अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले को साजिश बताया। ममता ने कहा- अभिषेक ने अगर हेलमेट नहीं पहना होता तो उनकी मौके पर जान जा सकती थी। हमले के चलते शरीर में खून के थक्के जम गए थे। हमले के बाद अभिषेक को जब हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया तो अस्पताल प्रशासन पर इलाज न करने का दबाव डाला गया।

## सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एटीएफ पर घटाया निर्यात शुल्क

# आज से लागू होगी नई दर

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क यानी विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। नई दरें एक जून से प्रभावी होंगी। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स को आधा कर 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं डीजल पर यह कर घटाकर 13.5 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 9.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

अधिसूचना में कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर सड़क एवं अवसंरचना उपकर (रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस) शून्य



रहेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि घरेलू खपत के लिए निकाले जाने वाले पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

#### इसी महीने बढ़ाया था विंडफॉल टैक्स

पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) 16 मई को 3 रुपये प्रति लीटर लगाया गया था। पखवाड़ा समीक्षा के बाद इसे 1 जून से घटाकर 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। डीजल के निर्यात पर शुल्क 16.5 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 13.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इसी तरह एटीएफ पर शुल्क 16 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 9.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। सरकार ने 26 मार्च को डीजल के निर्यात पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क लगाया था। 11 अप्रैल की समीक्षा में इन्हें बढ़ाकर क्रमशः 55.5 रुपये और 42 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया था। इसके बाद 30 अप्रैल की समीक्षा में इन्हें घटाकर 23 रुपये और 33 रुपये प्रति लीटर किया गया। 16 मई को शुल्क और कम कर क्रमशः 16.5 रुपये और 16 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया था। सरकार ने पश्चिम एशिया में अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष के बीच देश में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह विंडफॉल टैक्स लगाया था।

## रेल यात्रियों को झटका- रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेगी पेंट्रीकार सेवा, भोजन-पानी नहीं मिलेगा

पटना,। ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे ने एक महत्वपूर्ण बदलाव लागू किया है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने सभी रेलवे जोनों को निर्देश जारी करते हुए रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक पेंट्रीकार सेवा बंद रखने का आदेश दिया है। इस दौरान यात्रियों को पेंट्रीकार से भोजन, नाश्ता, चाय, कॉफी या गर्म पानी जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाएंगी। आईआरसीटीसी के अनुसार यह फैसला पेंट्रीकार की रसोई, उपकरणों और अन्य सुविधाओं की नियमित सफाई, रखरखाव तथा तकनीकी जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। निर्धारित समयावधि में पेंट्रीकार पूरी तरह बंद रहेगा और किसी प्रकार की खानपान सेवा नहीं दी जाएगी। इस नए नियम का सबसे ज्यादा असर लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ सकता है। खासकर वे यात्री, जिनकी यात्रा रात के समय होती है, उन्हें भोजन और पेय पदार्थों के लिए रेलवे स्टेशनों पर मौजूद अधिकृत स्टॉल या विक्रेताओं पर निर्भर रहना पड़ सकता है। उधर इस फैसले को लेकर यात्रियों और सामाजिक संगठनों ने चिंता भी जताई है। उनका कहना है कि रात में पेंट्रीकार सेवा बंद होने से ट्रेनों में अवैध वेंडरों की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। कई बार ऐसे लोग अधिकृत विक्रेताओं की आड़ में ट्रेनों में चढ़कर खाद्य सामग्री और पानी के लिए यात्रियों से मनमाने दाम वसूलते हैं। यदि रेलवे प्रशासन ने निगरानी नहीं बढ़ाई तो यात्रियों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। जबकि रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निगरानी व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सफर के दौरान यात्रियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# कचरे के ढेर में मिला मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति का शव

## 10 वर्षो से मानसिक बीमारी से जूझ रहा था श्याम, लू और भीषण गर्मी से मौत की आशंका

## कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और नौतपा के बीच रविवार को शहर के इतवारी मंडी क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई। यहां एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति का शव कचरे के ढेर में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। बाद में शव को जिला अस्पताल पहुंचाकर पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई गई। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान श्यामकुमार पिता गौतु मेश्राम (58 वर्ष) निवासी जयप्रकाश कॉलोनी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह इतवारी गंज कॉम्प्लेक्स के समीप स्थित कचरे के ढेर के पास लोगों ने एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। जब लोगों ने नजदीक जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके



पर पहुंची और जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार श्यामकुमार मेश्राम पहले सब्जी मंडी क्षेत्र में हमाली का कार्य करते थे और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। हालांकि बीते लगभग दस वर्षों से वे मानसिक बीमारी से पीडि़त थे। धीरे-धीरे उनकी मानसिक स्थिति बिगड़ती चली गई और वे सामान्य जीवन नहीं जी पा रहे थे। परिजनों के अनुसार मानसिक बीमारी के कारण वे अक्सर घर से निकल जाते थे और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भटकते रहते थे। कई बार उन्हें खोजकर वापस घर लाना पड़ता था। मृतक के रिश्तेदार रूपेश कुमार फुलोके ने बताया कि श्यामकुमार मूल रूप से खुटिया गांव के निवासी थे, लेकिन लंबे समय से बालाघाट शहर में रह रहे थे। उन्होंने बताया कि परिवार ने उनका काफी इलाज भी कराया, लेकिन उनकी मानसिक स्थिति में विशेष सुधार नहीं हो सका। मानसिक बीमारी के कारण उनका अधिकांश समय घर से बाहर ही बीतता था। रूपेश के अनुसार श्यामकुमार के परिवार में उनकी पत्नी, दो विवाहित पुत्रियां और एक अविवाहित पुत्र हैं। परिवार आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से लंबे समय से इस स्थिति का सामना कर रहा था। परिजनों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से जिले में अत्यधिक गर्मी पड़ रही है और तापमान लगातार बढ़ा हुआ है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि श्यामकुमार को समय पर पानी नहीं मिला होगा या फिर तेज धूप और लू के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई होगी। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वे स्वयं भी अपनी देखभाल ठीक ढंग से नहीं कर पाते थे, जिससे उनकी स्थिति और अधिक गंभीर हो गई होगी। मृतक की पत्नी सुनीता मेश्राम ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनके पति लंबे समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और अक्सर घर से निकलकर अलग-अलग स्थानों पर चले जाते थे। उन्होंने बताया कि कई बार परिवार के सदस्य उन्हें ढूंढकर वापस घर लाते थे, लेकिन कुछ समय बाद वे फिर निकल जाते थे। उन्होंने आशंका जताई कि भीषण गर्मी और लू के चलते ही उनके पति की मौत हुई होगी। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही हो सकेगी। यदि रिपोर्ट में किसी अन्य कारण का उल्लेख सामने आता है तो उस आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जाएगी। मामले की जांच कर रहे कोतवाली थाना के एएसआई भुनेश ठाकरे ने बताया कि पुलिस को इतवारी गंज मंडी क्षेत्र में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर जिला अस्पताल भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक परिस्थितियों को देखते हुए गर्मी और लू के कारण मौत होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन अंतिम निष्कर्ष पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। गौरतलब है कि जिले में इन दिनों नौतपा का असर देखने को मिल रहा है। तापमान लगातार 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से वृद्ध, बीमार, मानसिक रूप से अस्वस्थ और खुले स्थानों पर रहने वाले लोगों के लिए यह मौसम काफी खतरनाक साबित हो रहा है। चिकित्सक भी लगातार लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दे रहे हैं।

# पेयजल संकट के बीच नपा सख्त, वाहन वॉशिंग सेंटरों को नोटिस, धुलाई पर रोक के निर्देश

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बालाघाट शहर में लगातार गहराते पेयजल संकट को देखते हुए नगरपालिका प्रशासन ने पानी के दुरुपयोग पर सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में रविवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सूर्यप्रकाश उके एवं नगर पालिका इंजीनियर सुश्री ज्योति मेश्राम ने शहर के विभिन्न वाहन वॉशिंग सेंटरों का निरीक्षण किया और संचालकों को तत्काल प्रभाव से वाहन धुलाई का कार्य बंद रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र एवं बैहर रोड स्थित वाहन वॉशिंग सेंटरों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संचालकों को समझाइश देते हुए कहा कि वर्तमान में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिसके कारण शहर में पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। ऐसी स्थिति में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग करना उचित नहीं है।

सीएमओ श्री सूर्यप्रकाश उके ने स्पष्ट किया कि सभी वाहन वॉशिंग सेंटर संचालकों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं तथा उन्हें आगामी आदेश तक वाहन धुलाई का कार्य बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी



सेंटर में निर्देशों के बावजूद वाहन धुलाई करते हुए पाया गया तो संबंधित संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नगरपालिका प्रशासन ने बताया कि शहर में जल संरक्षण को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नलों से मोटर पंप लगाकर पानी खींचने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। कई स्थानों से अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे मोटर पंप जब्त किए गए हैं तथा नागरिकों को पेयजल का दुरुपयोग नहीं करने की चेतावनी दी गई है।

नगरपालिका ने शहरवासियों से अपील की है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पानी का उपयोग अत्यंत सावधानी और आवश्यकता के अनुसार करें। नल का पानी व्यर्थ बहाने से बचें तथा जल संरक्षण में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

नगरपालिका अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में जल स्रोतों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से पानी के अनावश्यक उपयोग पर निगरानी रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अब फिल्म शूटिंग की अनुमति देंगे एडीएम-एसडीएम

## नई फिल्म पर्यटन नीति-2025 के तहत अनुमति प्रक्रिया हुई आसान, सिंगल विंडो सिस्टम से मिलेगा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस

भोपाल। मप्र सरकार ने प्रदेश को देश के अग्रणी फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नई फिल्म पर्यटन नीति-2025 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिलों में अतिरिक्त कलेक्टर (एडीएम) और अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया जा रहा है। इन अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि फिल्म निर्माताओं को शूटिंग की अनुमति समयबद्ध और सरल तरीके से उपलब्ध कराई जाए। सरकार का मानना है कि अनुमति प्रक्रिया में अनावश्यक देरी फिल्म उद्योग को हतोत्साहित करती है। इसलिए जिला स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया को विकेंद्रीकृत कर प्रशासनिक बाधाओं को कम करने का प्रयास किया गया है।

मप्र फिल्म पर्यटन नीति-2025 का मुख्य उद्देश्य राज्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं की पहली पसंद बनाना है। इसके साथ ही फिल्म उद्योग के माध्यम से निवेश आकर्षित करना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना और पर्यटन को नई गति देना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रदेश सरकार का मानना है कि फिल्म शूटिंग से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलता है, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों का प्रचार-प्रसार भी वैश्विक स्तर पर होता है।

### वेब पोर्टल और सिंगल विंडो सिस्टम से आसान होगी प्रक्रिया

फिल्म पर्यटन नीति के तहत फिल्म निर्माताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष वेब पोर्टल आधारित फिल्म सेल विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से शूटिंग अनुमति, लोकेशन संबंधी जानकारी और अन्य आवश्यक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेष बात यह है कि इस पोर्टल को भारत सरकार के फिल्म सुविधा मंच इंडिया सिने हब के साथ भी एकीकृत किया गया है। इससे विदेशी और अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं के लिए मप्र में शूटिंग की प्रक्रिया और अधिक आसान एवं पारदर्शी हो जाएगी। साथ ही सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है, जिसके तहत विभिन्न विभागों से अलग-अलग अनुमति लेने की आवश्यकता कम होगी और एकीकृत व्यवस्था के माध्यम से आवश्यक स्वीकृतियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

### राष्ट्रीय स्तर पर मिल चुकी है पहचान

फिल्म निर्माण के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के कारण मप्र को वर्ष 2022 में मोस्ट फिल्म-फ्रेंडली स्टेट का राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। राज्य सरकार की प्रोत्साहन नीति के तहत अब तक 15 हिंदी फिल्मों, दो तेलुगु फिल्मों और छह वेब सीरीज को 30 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय अनुदान प्रदान किया गया है। इससे फिल्म उद्योग में प्रदेश की स्वीकार्यता लगातार बढ़ी है और बड़ी प्रोडक्शन कंपनियां यहां शूटिंग के लिए रुचि दिखा रही हैं।

### फिल्मों और वेब सीरीज की पसंदीदा लोकेशन बना मप्र

पिछले कुछ वर्षों में मप्र कई चर्चित फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग का प्रमुख केंद्र रहा है। प्रमुख फिल्म और वेब सीरीज परियोजनाओं में स्त्री-1 व स्त्री-2, भूल-भुलैया-3, सुई-धागा, लापता लेडीज, द रेलवे मैन, पैडमैन, धड़क-2, पंचायत, कोटा फैक्ट्री, गुल्लक और सिटाडेल आदि शामिल हैं। प्रदेश में मौजूद प्राकृतिक सौंदर्य और अन्य संसाधनों से फिल्म-शूटिंग का क्रेज बढ़ रहा है।

### प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव बन रहे आकर्षण

मप्र की भौगोलिक विविधता और प्राकृतिक संपदा फिल्म निर्माताओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। यहां के जंगल, ऐतिहासिक धरोहरें, नदी-घाटियां, झीलें और ग्रामीण परिवेश फिल्मों के लिए विविध लोकेशन उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश वन्यजीव पर्यटन के लिए भी देशभर में विशेष पहचान रखता है। यहां बाघ, चीता, तेंदुआ, घड़ियाल और गिद्ध जैसी महत्वपूर्ण प्रजातियां प्राकृतिक आवास में देखी जा सकती हैं। श्योपुर क्षेत्र में चीतों की मौजूदगी और राजधानी भोपाल के आसपास बाघों की गतिविधियां भी चर्चा का विषय रही हैं। मप्र को देश का टाइगर स्टेट माना जाता है और यहां लगातार नए टाइगर रिजर्व विकसित किए जा रहे हैं। यही कारण है कि वन्यजीव आधारित वृत्तचित्रों, फिल्मों और वेब सीरीज के लिए भी प्रदेश आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन रहा है।

# वारा के ग्रामीणों ने रामचंदानी उष्णा प्लांट पर कार्यवाही करवाने विधायक विवेक पटेल को सौंपा ज्ञापन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम वारा में रामचंदानी उष्णा प्लांट से फैल रहे प्रदूषण की शिकायत लेकर रविवार को सैकड़ों ग्रामीण जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर विधायक विवेक पटेल से उष्णा प्लांट के मालिक पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि रामचंदानी राइस मिल में स्थित उष्णा प्लांट से सभी लोग परेशान है। जिससे अत्यधिक काली डस्ट एवं जहरीला पानी निकलता है जो कि आमजन एवं पशुओं के लिए मौत का कारण बना हुआ है। इस धूल से बच्चे,माताएं बहने के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। प्लांट से निकलने वाला जहरीला पानी पशु एवं खेती के लिए जहर साबित हो रहा है।

### धोखे में रखकर उष्णा प्लांट किया तैयार-ग्रामीणजन

ग्राम वारा के ग्रामीणों ने बताया कि मैं रामचंदानी के द्वारा राइस मिल खोला गया था जिसके पश्चात उन्होंने उष्णा प्लांट भी स्थापित कर लिया उन्होंने ग्रामीणों को धोखे में रखकर उष्णा प्लांट बनाया है। हमें



पता ही नहीं चला कि रामचंदानी ग्रामीणों की मौत का प्लांट तैयार कर रहे है। ग्राम में बीमारी के कारण कुछ लोगों की मौत भी हो चुकी है तेज हवा चलती है चिमनी से निकलने वाली धूल आमजनों के आंखो के अत्यधिक चुम्भन होती है। वहीं प्लांट से निकलने वाला छिलका प्लांट के पीछे ही फेंका जाता है। अगर मिल मालिक के उपर कार्यवाही नही की जाती है तो उग्र आंदोलन भी किया जायेगा।

### शिकायत की थी उसके बाद भी नहीं हुई कार्यवाही-प्रदीप पटले

वारा निवासी प्रदीप पटले ने बताया कि रामचंदानी के द्वारा राइस मिल खोली गई थी। मगर ग्रामीणों को धोखे में रखकर पिछले पांच वर्षों से उष्णा प्लांट खोला गया गया है। प्लांट से ही काली धूल उड़ती है जिससे आंखे खराब हो रही है दूषित जल से पशुओं की मौत हो रही है। उष्णा प्लांट जहर का प्लांट बन गया है मिल मालिकों के खिलाफ एसडीएम,थाना प्रभारी को अवगत करा चुका था कोई कार्यवाही नहीं हुई। हमने विधायक विवेक पटेल को ज्ञापन सौंपा है देखते है विधायक क्या कार्यवाही करवाते है। हमारी मांग है कि प्लांट को बंद करके रामचंदानी पर कार्यवाही की जाए।

### अधिकारियों से चर्चा कर समाधान किया जायेगा-विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि मुझे ग्रामीणों ने शिकायत किया है कि ग्राम वारा में रामचंदानी के द्वारा उष्णा प्लांट संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों को शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। हमने उन्हें आश्वस्त किया है अधिकारियों से चर्चा कर जल्द से जल्द कार्यवाही कर समाधान निकाला जायेगा। इस दौरान प्रणय धार्मिक, मनीष पारधी, विनय तूरकर, धमेन्द्र पचौरी, जगदीश मानेश्वर, राजेश सार्वे,महेश बाहेश्वर,देवानंद बाहेश्वर, विनय बिसेन,ज्ञानचंद पटले, परदेशी पचौरी, युवराज पचौरी, महेश बारेकर, कृष्णकुमार मानेश्वर, दीपक पटले,लक्ष्मीचंद पटले,सुखदयाल बाहेश्वर, गुरुदयाल बाहेश्वर, सूर्यप्रकाश मात्रे, बसंत पुसाम,नितेश केकते,विक्की वासनिक मौजूद रहे।

### इनका कहना है

ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में भी शिकायत की गई थी अधिकारियों के द्वारा जांच भी की गई। जिसमें पूर्ण रूप से जांच सही पाई गई उष्णा प्लांट से निकलने वाले डस्ट और पानी मिल के पिछे स्वयं की खेती में ही जाता है जिसमें किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नही करना पड़ता है सभी आरोप निराधार है।

दीपक रामचंदानी
राईस मिल संचालक

# मप्र में जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र की संख्या होगी दोगुनी

## बांधवगढ़, कान्हा और पेंच को बायोस्फीयर रिजर्व घोषित करने का प्रस्ताव

भोपाल । मप्र जल्द ही देश का सबसे अधिक बायोस्फीयर रिजर्व (जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र)वाला राज्य बन सकता है। राज्य सरकार ने वन एवं जैव विविधता संरक्षण को नई मजबूती देने के लिए तीन नए वन क्षेत्रों को बायोस्फीयर रिजर्व घोषित करने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश में बायोस्फीयर रिजर्व की संख्या तीन से बढ़कर छह हो जाएगी। इससे न केवल वन्यजीव संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान प्राप्त होगी।

वर्तमान में मप्र में तीन प्रमुख बायोस्फीयर रिजर्व हैं, जिनमें पचमढ़ी, पन्ना और अचानकमार-अमरकंटक शामिल हैं। अब राज्य पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) ने बांधवगढ़, कान्हा और पेंच टाइगर रिजर्व क्षेत्रों को भी बायोस्फीयर रिजर्व घोषित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव राज्य शासन के माध्यम से केंद्र के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजा जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद इन क्षेत्रों को यूनेस्को की विश्व बायोस्फीयर रिजर्व सूची में शामिल कराने का भी प्रयास किया जाएगा। यदि ऐसा होता है तो प्रदेश को वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में विशेष पहचान मिलेगी।

### जैव विविधता से भरपूर हैं प्रस्तावित क्षेत्र

एप्को द्वारा तैयार रिपोर्ट में बताया गया है कि बांधवगढ़, कान्हा और पेंच के कोर एवं बफर क्षेत्रों में जैव विविधता अत्यंत समृद्ध है। यहां दुर्लभ वनस्पतियां, वन्यजीव और कई संवेदनशील प्रजातियां पाई जाती हैं। इन क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों और स्थानीय समुदायों के बीच संतुलित संबंध भी देखने को मिलता है। रिपोर्ट के अनुसार इन वन क्षेत्रों में लंबे समय से वैज्ञानिक अध्ययन और शोध कार्य भी किए जा रहे हैं। बायोस्फीयर रिजर्व का कोर क्षेत्र सबसे अधिक संरक्षित माना जाता है, जहां मानवीय गतिविधियां अत्यंत सीमित रहती हैं, जबकि बफर क्षेत्र में नियंत्रित संरक्षण और विकास गतिविधियों की अनुमति होती है।

### संरक्षण और विकास दोनों को मिलेगा लाभ

विशेषज्ञों का मानना है कि बायोस्फीयर रिजर्व घोषित होने से दुर्लभ वनस्पतियों, वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी। साथ ही ये क्षेत्र वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए अध्ययन और अनुसंधान के महत्वपूर्ण केंद्र बन सकेंगे। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकारों से संरक्षण एवं विकास के लिए विशेष योजनाएं तथा अतिरिक्त बजट मिलने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। यदि यूनेस्को की सूची में स्थान मिलता है तो अंतरराष्ट्रीय सहयोग, तकनीकी सहायता और वित्तीय समर्थन भी उपलब्ध हो सकता है।

### इको-टूरिज्म को मिलेगा नया आयाम

बायोस्फीयर रिजर्व का दर्जा मिलने से प्रदेश में इको-टूरिज्म को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। बांधवगढ़, कान्हा और पेंच पहले से ही वन्यजीव पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं। नई मान्यता मिलने के बाद यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ने की संभावना है, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। विशेष रूप से आदिवासी समुदायों को पर्यटन आधारित गतिविधियों से लाभ मिलेगा। साथ ही उनकी पारंपरिक संस्कृति, जीवनशैली और स्थानीय ज्ञान प्रणाली के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल जल संरक्षण, जलवायु संतुलन और हरित क्षेत्रों के विस्तार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### देश में सबसे आगे होगा मप्र

वर्तमान में भारत में कुल 18 बायोस्फीयर रिजर्व हैं, जिनमें से तीन मप्र में स्थित हैं। यदि बांधवगढ़, कान्हा और पेंच को भी यह दर्जा मिल जाता है तो प्रदेश में इनकी संख्या छह हो जाएगी। इसके साथ ही मप्र देश का सबसे अधिक बायोस्फीयर रिजर्व वाला राज्य बन जाएगा। वन संपदा की दृष्टि से समृद्ध मप्र पहले ही बाघों की संख्या और वन्यजीव विविधता के लिए देशभर में विशेष पहचान रखता है। यहां बाघ, तेंदुआ, भालू, गिद्ध सहित अनेक दुर्लभ प्रजातियों का प्राकृतिक आवास मौजूद है। नए बायोस्फीयर रिजर्व बनने से इन प्रजातियों के संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल केवल वन्यजीव संरक्षण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता, स्थानीय विकास और सतत पर्यटन के क्षेत्र में भी मप्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक साबित होगी।

# खत्म होगा 10 साल का इंतजार!

भोपाल। पदोन्नति नियम-2025 को लेकर हाई कोर्ट जबलपुर अगले सप्ताह निर्णय सुना सकता है। मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी है। मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने इसी वर्ष 17 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि 90 दिन से अधिक समय तक फैसला सुरक्षित नहीं रखा जाना चाहिए। उधर, निर्णय नहीं आने के कारण प्रदेश में न तो नियुक्तियों की प्रक्रिया आगे बढ़ पा रही है और न ही पदोन्नतियां हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि 2016 में उच्च न्यायालय द्वारा पदोन्नति में आरक्षण संबंधी 2002 का नियम निरस्त किए जाने के बाद पदोन्नतियां बंद हैं।

आवश्यकता है
10वीं/12वीं या पदवीधर/आई.टी.आई. की यश एलईडी टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड कम्पनी नागपुर में इंटरव्यू के लिये।
-संपर्क करें-
शिव प्रसाद परिहार
9823234770
9823020378

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
-निर्माता-
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

# ससुराल से मायके जाने निकली महिला, ना मायके पहुंची और ना लौटी ससुराल

### अब महिला को खोज रही है किरनापुर पुलिस

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। किरनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम दता निवासी एक 29 वर्षीय महिला बीते 17 मई से लापता है। महिला अपने मायके ग्राम बरसोला जाने कहकर घर से निकली थी।लेकिन न तो मायके पहुंची और न ही वापस अपने ससुराल लौटी। मामले में किरनापुर पुलिस ने लापता महिला मनवंती पति बारकलाल पाचे को गुम इंसान कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनवंती पांचे का मायका ग्राम ग्राम बरसोला का है। वर्ष 2017 में उसका विवाह ग्राम दता निवासी बारकलाल पाचे के साथ हुआ था। विवाह के बाद वह अपने पति और दो पुत्रों के साथ ग्राम दता में रह रही थी।बताया गया है कि 17 मई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे मनवंती अपने पति को यह बताकर घर से निकली थी कि वह अपने पिता सहजलाल जामरे के घर ग्राम बरसोला धान काटने जा रही है। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह वापस घर नहीं लौटी, तब उसके पति ने मायके पहुंचकर जानकारी ली। वहां उसके सास ससुर ने बताया कि मनवंती उनके घर आई ही नहीं थी।इसके बाद परिजनों ने आसपास के गांवों, रिश्तेदारों तथा परिचितों के यहां उसकी तलाश की।लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। अंततः मामले की सूचना किरनापुर थाना में दी गई।लापता महिला मनवंती का हुलिया रंग सांवला, कद लगभग 5 फीट, चेहरा गोल वह घर से जाते समय हरे रंग की साड़ी पहनी है।पति बारकलाल पाचे की रिपोर्ट पर किरनापुर पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 46/2026 दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी हैकिरनापुर पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि उक्त महिला कहीं दिखाई दे या उसके संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा थाना किरनापुर को सूचित करें, ताकि उसे सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा सके।

# रबी में धान का रकबा घटा, जल संरक्षण की ओर बढ़ रहे किसान

### पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 13 प्रतिशत कम क्षेत्र में हुई धान की खेती, कृषि विभाग ने बताया सकारात्मक संकेत



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में रबी सीजन समाप्त होने के साथ ही खेती के आंकड़ों ने राहत भरी तस्वीर सामने रखी है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष किसानों ने रबी मौसम में धान की खेती का रकबा कम किया है। कृषि विभाग के अनुसार बीते वर्ष जिले के लगभग 46 प्रतिशत किसानों ने रबी सीजन में धान की फसल लगाई थी, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा घटकर करीब 33 प्रतिशत रह गया है। कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी राजेश खोबरागड़े ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को कम पानी वाली फसलों को अपनाने की सलाह दी जा रही है। इसी का असर है कि इस वर्ष किसानों ने लगभग 13 प्रतिशत कम क्षेत्र में रबी धान की खेती की है। उन्होंने कहा कि भूजल संरक्षण और सिंचाई संसाधनों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक एवं कम पानी वाली फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग का मानना है कि रबी में धान का रकबा कम होना जल संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम है। आने वाले वर्षों में भी किसानों को दलहन, तिलहन और अन्य कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि जल संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। कृषि अधिकारियों का कहना है कि यदि इसी तरह किसानों का रुझान बदलता रहा तो भविष्य में जिले में जल संकट की स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। विभाग द्वारा आगामी खरीफ और रबी सीजन के लिए भी किसानों को वैज्ञानिक खेती और जल संरक्षण आधारित फसल चक्र अपनाने की सलाह दी जा रही है।

जिले में पिछले कई वर्षों से किसान खरीफ के साथ-साथ रबी सीजन में भी बड़े पैमाने पर धान की खेती करते रहे हैं। जिले की भौगोलिक परिस्थितियों, भूमि में अधिक नमी और किसानों की पारंपरिक खेती पद्धति के कारण रबी मौसम में भी धान प्रमुख फसल बनी हुई थी। हालांकि लगातार धान की खेती के कारण भूजल स्तर पर पड़ रहे दुष्प्रभाव और जल संकट की आशंकाओं को देखते हुए इस वर्ष कृषि विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर किसानों को रबी में धान की बजाय कम पानी वाली फसलें लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है। कृषि विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष रबी सीजन में धान का रकबा लगभग 13 प्रतिशत कम हुआ है। जहां वर्ष 2025 में जिले के करीब 46 प्रतिशत किसानों ने रबी मौसम में धान की खेती की थी, वहीं वर्ष 2026 में यह आंकड़ा घटकर लगभग 33 प्रतिशत रह गया है। विभाग इसे जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मान रहा है। जानकारों का कहना है कि बालाघाट जिले में बड़ी संख्या में किसान धान को ही सबसे सुरक्षित और लाभदायक फसल मानते हैं। इसके चलते कई किसान वर्ष में दो बार धान की खेती करते हैं। लेकिन लगातार धान उत्पादन के लिए अधिक मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है, जिससे भूमिगत जल का दोहन बढ़ता है। पिछले कुछ वर्षों में इसका प्रभाव भी देखने को मिला है। कई क्षेत्रों में जलस्तर लगातार नीचे गया और गर्मी के मौसम में पेयजल संकट जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी। विशेष रूप से पिछले वर्ष जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई और पेयजल की गंभीर समस्या सामने आई थी। धान की फसल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। कई स्थानों पर किसानों ने पानी की मांग को लेकर आंदोलन, चक्काजाम और विरोध प्रदर्शन भी किए थे। जल संकट को देखते हुए प्रशासन और कृषि विभाग ने इस वर्ष पहले से ही रणनीति तैयार कर किसानों को वैकल्पिक फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया। कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी राजेश खोबरागड़े ने बताया कि विभाग लगातार किसानों को जागरूक कर रहा है कि वे रबी मौसम में धान की जगह ऐसी फसलें लें जिनमें पानी की आवश्यकता कम होती है। उन्होंने कहा कि चना, मसूर, गेहूं, तिलहन और अन्य कम पानी वाली फसलें किसानों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकती हैं। इससे न केवल पानी की बचत होगी बल्कि भूमि की उर्वरता भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि विभाग का लक्ष्य आने वाले वर्षों में रबी सीजन में धान के रकबे को और कम करना है। इसके लिए किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को यह समझाया जा रहा है कि जल संरक्षण केवल प्रशासन की नहीं बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि लगातार एक ही फसल लेने से भूमि की उत्पादकता प्रभावित होती है। फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है और उत्पादन में भी स्थिरता आती है। साथ ही भूजल संरक्षण में भी मदद मिलती है। इस वर्ष जिले में अब तक पानी की कमी को लेकर कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई है। कृषि विभाग का मानना है कि रवि सीजन में धान का रकबा कम होने से भूजल पर दबाव घटा है और इसका लाभ आने वाले समय में भी देखने को मिलेगा। विभाग का कहना है कि यदि किसान इसी प्रकार कम पानी वाली फसलों को अपनाते हैं तो भविष्य में जिले को जल संकट जैसी परिस्थितियों से बचाया जा सकता है। साथ ही कृषि उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर टिकाऊ खेती की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा सकेगा।

# पत्नी से विवाद के बाद किसान ने पीया कीटनाशक, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत



पद्मेश न्यूज।बालाघाट। पत्नी से झगड़ा मारपीट करने के बाद एक व्यक्ति ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जिसकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई ।मृतक सुरेश मरकाम पिता टेकसिंह मरकाम 40 वर्ष ग्राम खुर्सीपार थाना बिरसा निवासी बताया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश मरकाम खेती-किसानी का कार्य करता था। उसके परिवार में पत्नी खुशमारेन मरकाम 35 वर्ष, 13 वर्षीय पुत्र साहिल मरकाम तथा 9 वर्षीय पुत्री संजना मरकाम हैं। बताया जाता है कि सुरेश शराब पीने का आदी था और नशे की हालत में अक्सर पत्नी व बच्चों के साथ विवाद और मारपीट करता था। बताया गया है कि 28 मई की दोपहर करीब 2 बजे सुरेश शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी तथा बच्चों के साथ विवाद करते हुए लकड़ी से मारपीट करने लगा। इससे भयभीत होकर पत्नी खुशमारेन अपने दोनों बच्चों को लेकर जेठ सास सुनीता के घर चली गई थी जहां उन्होंने रात बिताई।अगले दिन 29 मई की सुबह खुशमारेन बच्चों को लेकर अपने देवर लालू मरकाम के घर चली गई थी। जब सुरेश को इसकी जानकारी मिली तो वह वहां भी पहुंच गया और पत्नी के साथ फिर मारपीट की। इस दौरान देवर ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।जिसके बाद सुरेश वहां से चला गया।कुछ समय बाद खुशमारेन ने अपने देवर को सुरेश की जानकारी लेने भेजा। घर पहुंचने पर सुरेश की हालत बिगड़ी हुई मिली। पूछताछ में उसने बताया कि उसने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया है। इसके बाद परिजन तत्काल उसे निजी एंबुलेंस से बिरसा अस्पताल लेकर पहुंचे।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया था। 29 मई की रात करीब 8 बजे सुरेश मरकाम को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया था। यहां उपचार के दौरान 31 मई की सुबह करीब 6 बजे उसकी मौत हो गई।जिला अस्पताल पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर मामले की डायरी अग्रिम जांच एवं कार्रवाई के लिए संबंधित बिरसा थाना भेज दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# गढ़वाल समाज मंडल भरवेली की नई टीम ने संभाली कमान

### हीरा ब्रम्हे बने अध्यक्ष, निकेश चंदेले उपाध्यक्ष, समाज सेवा और संगठन सशक्तिकरण का लिया संकल्प

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल सर्कल भरवेली की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष हीरा ब्रम्हे, उपाध्यक्ष निकेश चंदेले सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। भरवेली स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों और नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों को समाज के विकास, सामाजिक समरसता, संगठन की मजबूती और सेवा भावना के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने समाज की एकता बनाए रखने तथा नई पीढ़ी को संगठन से जोड़ने का संकल्प दोहराया। नव निर्वाचित अध्यक्ष हीरा ब्रम्हे ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक संरक्षण और युवा सशक्तिकरण को प्राथमिकता बताते हुए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की बात कही। उपाध्यक्ष निकेश चंदेले ने कहा कि वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और युवाओं के सहयोग से संगठन को नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समाज के युवाओं से संगठनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। समारोह में वक्ताओं ने समाज की एकता को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने, जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने और सामाजिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई समाजजनों का सम्मान भी किया गया। वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। समारोह के अंत में सभी समाजजनों ने संगठन को मजबूत बनाने और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोप में छत्तीसगढ़ राज्य का एक युवक गिरफ्तार

### बिरसा पुलिस की कार्रवाई

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बिरसा थाना पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के आरोप में छत्तीसगढ़ राज्य के एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी इतलेश साहू पिता गयाराम साहू वार्ड क्रमांक 19 भाटापारा खैरबनाकला थाना कोतवालीपुरा जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) निवासी बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 मई की रात बिरसा थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग लड़की बिना किसी को बताए घर से चली गई थी। परिजनों ने उसकी रिश्तेदारी सहित आसपास के कई गांवों में तलाश किये लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।इसी दौरान परिजनों को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से सूचना मिली कि नाबालिग लड़की इतलेश साहू के घर ग्राम भाटापारा में मौजूद है। सूचना मिलने पर लड़की के परिजन 29 मई को वहा पहुंचे और उसे अपने साथ वापस घर ले आए।परिजनों द्वारा लड़की से पूछताछ किए जाने पर मामले की जानकारी सामने आई। आरोप है कि इतलेश साहू ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद परिजनों ने बिरसा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत के आधार पर बिरसा पुलिस ने आरोपी इतलेश साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत अपराध दर्ज कर इतलेश साहू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# भगवान श्रीकृष्ण ही जीवों के सच्चे प्रियतम - ब्रज किन्नरी देवी जी

### पुरुषोतम मास में दिव्य प्रवचन एवं संकीर्तन, महाआरती में उमड़ा भक्तों का उत्साह

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर पंचम मूल जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की कृपा पात्र वरिष्ठ प्रचारिका सुश्री ब्रज किन्नरी देवी द्वारा आयोजित दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं रसमय संकीर्तन के छठवें दिन भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्ति का संदेश दिया गया।



प्रवचन में ब्रज किन्नरी देवी जी ने कहा कि संसार के सभी रिश्ते अस्थायी हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे ट्रेन के सफर में सहयात्री अपने-अपने स्टेशन आने पर उतर जाते हैं, उसी प्रकार संसार के सभी नातेदार और संबंधी समय आने पर साथ छोड़ देते हैं। कोई कितना भी आग्रह करे, जिसका समय आ गया है वह रुकता नहीं और जिसका समय नहीं आया है वह उतरता नहीं। इस प्रकार संसार के सभी संबंध क्षणिक हैं, जबकि भगवान श्रीकृष्ण ही ऐसे हैं जिनका जीव से शाश्वत और अविच्छिन्न संबंध है। उन्होंने कहा कि वेदों में वर्णित है कि भगवान आत्मा रूपी हृदय कमल में सदैव विराजमान रहते हैं। वे किसी भी काल, परिस्थिति अथवा योनि में जीव का साथ नहीं छोड़ते। इसलिए जीव को वास्तविक प्रेम भगवान से ही करना चाहिए। देवी जी ने बताया कि भगवान की भक्ति पांच भावों , शांत, दास्य, सख्य, वात्सल्य एवं माधुर्य भाव से की जा सकती है। रसिक संतों ने विशेष रूप से दास्य, सख्य, वात्सल्य और माधुर्य भाव से भगवान के साथ संबंध स्थापित करने पर बल दिया है। भगवान को स्वामी, मित्र, पुत्र अथवा प्रियतम मानकर की गई उपासना और भक्ति से उनकी प्राप्ति संभव है तथा उनके आनंद में आनंदित होकर मनुष्य अपने जीवन के परम लक्ष्य, भगवत सेवा, को प्राप्त कर सकता है। प्रवचन के उपरांत महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रज किन्नरी देवी जी द्वारा उपस्थित भक्तों को आरती की थाली उपहार स्वरूप प्रदान की गई। सभी श्रद्धालुओं ने भगवान राधा-कृष्ण एवं गुरुदेव श्री कृपालु जी महाराज की आरती उतारकर भक्ति रस का आनंद लिया। कार्यक्रम में भक्तजनों का अपार उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली।

# दे धक्का आंदोलन से महंगाई के खिलाफ गरजी बहुजन मुक्ति पार्टी

### वाहनों को धक्का देकर जताया पेट्रोल-डीजल की कीमतों का विरोध, मांगें पूरी नहीं होने पर जेल भरो आंदोलन की चेतावनी

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, रसोई गैस के दामों में वृद्धि, स्मार्ट मीटर व्यवस्था और विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय में अनोखा प्रदर्शन किया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार के सामने दे धक्का आंदोलन आयोजित कर सड़क से गुजरने वाले दोपहिया एवं अन्य वाहनों को प्रतीकात्मक रूप से धक्का देकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।



बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आंदोलन अचानक नहीं बल्कि चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। संगठन द्वारा महंगाई और जनसमस्याओं के विरोध में तीन चरणों में आंदोलन की रणनीति बनाई गई थी। पहले चरण में कार्यकर्ताओं ने लालटेन जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और बिजली व्यवस्था तथा बढ़ते बिजली बिलों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। दूसरे चरण में कलेक्ट्रेट गेट के सामने चूल्हा जलाकर चाय और रोटी बनाई गई, जिसके माध्यम से रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और घरेलू खर्चों में हो रही वृद्धि के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। वहीं तीसरे और अंतिम चरण में दे धक्का आंदोलन आयोजित कर पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज आम आदमी का जीवन महंगाई की मार से पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। खाद्य सामग्री, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, बिजली और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग का परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि आम व्यक्ति के लिए अपने वाहन में पेट्रोल भरवाना और घरेलू खर्चों का संतुलन बनाना भी कठिन होता जा रहा है। लोकसभा प्रभारी सदाशिव हरिनखेड़े ने कहा कि सरकार लगातार विकास के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर आम जनता महंगाई से त्रस्त है। किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों की आय में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है, जबकि खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को आम जनता की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला प्रकोष्ठ की संभागीय प्रभारी नर्मदा नागवंशी ने कहा कि महिलाओं पर महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव पड़ रहा है। घरेलू रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है और रसोई गैस के बढ़ते दामों ने परिवारों की परेशानी और बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि सरकार को घरेलू गैस की कीमतों में कमी कर आम परिवारों को राहत प्रदान करनी चाहिए। संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करने, घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के दाम घटाने, स्मार्ट मीटर व्यवस्था समाप्त कर पुराने मीटर पुनः लगाए जाने, बिजली व्यवस्था में सुधार करने तथा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने सहित 15 सूत्रीय मांगें शामिल हैं। संगठन का कहना है कि इन मांगों का संबंध सीधे आम जनता के हितों से है और सरकार को इन्हें गंभीरता से लेना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और सरकार से महंगाई कम करने की मांग की। कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से वाहनों को धक्का देकर यह संदेश देने का प्रयास किया कि यदि पेट्रोल-डीजल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं तो आम आदमी के लिए वाहन चलाना भी मुश्किल हो जाएगा। बहुजन मुक्ति पार्टी के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आगामी दिनों में व्यापक आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि पहले आक्रोश रैली निकाली जाएगी और उसके बाद भी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# अहम बिंदुओं पर सीबीआई की गिरिबाला सिंह से पूछताछ जारी

## - क्राइम सीन से छेड़छाड़, सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल सबूतों पर फोकस



### - डिजिटल सबूतों के संबंध में पूछताछ पर फोकस

### - पूछताछ का अहम बिंदु, पार्लर से सीसीटीवी निकालने वालों को किसने और क्यों भेजा

# 11 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक के भाव, किसान परेशान

# खंडवा का हाईवे खोलेगा कमाई का रास्ता

## बोरगांव-शाहपुर 4 लेन से एमपी-महाराष्ट्र की दूरी घटेगी

### तेल से बाजार तक बनेगा मजबूत नेटवर्क

### मप्र-महाराष्ट्र को जोड़ेगा आर्थिक गलियारा

# सरकारी शिक्षकों की हाजरी पर मप्र सरकार की सख्ती

## नहीं चलेगा इंटरनेट या नेटवर्क का बहाना

### अब हर जिले से बुलाई जा रही कर्मचारियों की रिपोर्ट

# मप्र में 16 जून से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र

# पेट्रोल-डीजल पर राज्य करों में 50 प्रतिशत की कटौती की जाए- अजय सिंह

# कांग्रेस एक महीने खोजेगी सोशल मीडिया वॉरियर

### ऑनलाइन आवेदन एक महीने चलेंगे

# मध्यप्रदेश में जनगणना-2027 का पहला चरण पूरा

# नई तबादला नीति के तहत कल से होंगे तबादले

### शिक्षकों को मिलेगी राहत

### स्वैच्छिक तबादलों को भी प्राथमिकता

### पुलिस विभाग में भी बड़ी कवायद

### इंजीनियरिंग विभागों में तैयारी तेज

# डेढ़ करोड़ के बाद एसटीएफ ने फिर जप्त की 50 लाख की कफ सिरप

### 10 गिरफ्तार, बैच नंबर, एक्सपायरी डेट हटाकर बिकवाते थे नए लेबल

### - एक साल में खप चुकी है 12 हजार से अधिक पेटियां

### देहात इलाकों में होती थी सप्लाई

# पेट्रोल डीजल की आंच सब्जी फलों से किराना तक पहुंची

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आज से नई दिल्ली में शुरू होगी चार दिवसीय वार्ता

# टैरिफ-तेल और रक्षा समझौतों पर लगेगी मुहर!

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है, अब केवल इस डील पर ऑफिशियल मुहर लगनी बाकी है। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी 1 जून से नई दिल्ली में चार दिनों तक बैठक करेंगे। इस बैठक में दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी।

भारत की तरफ से इस डील में नेतृत्व वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन करेंगे। वहीं अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिका के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करने वाले हैं। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, बैठक में कई अहम विषयों पर बातचीत होगी। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं- बाजार पहुंच, गैर-शुल्क बाधाएं, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन,आर्थिक सुरक्षा सहयोग और सप्लाई चेन से जुड़ी रणनीतिक साझेदारी आदि। दोनों देश पहले चरण के अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने के साथ-साथ दीर्घकालिक व्यापक व्यापार समझौते के लिए कानूनी और नीतिगत ढांचे पर भी चर्चा करेंगे।

### फरवरी में बनी थी ट्रेड डील की रूपरेखा

भारत और अमेरिका ने 7 फरवरी 2026 को एक संयुक्त बयान जारी कर अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा तय की थी। इसके तहत दोनों देशों ने चरणबद्ध तरीके से व्यापारिक बाधाएं कम करने और टैरिफ में राहत देने पर सहमति जताई थी। समझौते के तहत अमेरिका ने भारत पर लगाए गए शुल्कों में कटौती करने का आश्वासन दिया था। अमेरिका ने पहले भारत से आयात होने वाले कई उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगाया था, जिसे घटाकर 18 प्रतिशत करने की बात कही गई थी। इसके अलावा रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क को भी हटाने और शेष शुल्क को 18 प्रतिशत



तक सीमित करने का प्रस्ताव था।

### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बदला समीकरण

अमेरिका की घरेलू राजनीति और टैरिफ नीति में बदलाव के कारण वार्ताओं की दिशा प्रभावित हुई। 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पॉवर्स एक्ट के तहत लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को चुनौती देने वाले मामले में फैसला सुनाया। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से सभी देशों पर 150 दिनों के लिए 10 प्रतिशत समान शुल्क लागू करने की घोषणा कर दी। इस फैसले के बाद फरवरी में प्रस्तावित भारत-अमेरिका वार्ता टल गई थी। ट्रेड डील पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल 2026 में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वॉशिंगटन की यात्रा की और बात को आगे बढ़ाया।

### भारत की ओर से बड़े प्रस्ताव

भारत ने व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और कई कृषि वस्तुओं पर शुल्क घटाने या समाप्त करने का प्रस्ताव रखा है। डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स, रेड सोरघम (पशु आहार), ट्री नट्स, ताजे और प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन तेल और वाइन और स्पिरिट्स के बदले भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से लगभग 500 अरब डॉलर मूल्य के उत्पाद खरीदने की इच्छा जताई है। जिसमें ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, बहुमूल्य धातुएं, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोल शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रस्ताव दोनों देशों के बीच रणनीतिक आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई दे सकता है।

### भारत-अमेरिका व्यापार का मौजूदा परिदृश्य

अमेरिका वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर सामने आया। भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़कर 87.3 अरब डॉलर पहुंच गया। अमेरिका से आयात 15.95 प्रतिशत बढ़कर 52.9 अरब डॉलर रहा। भारत का व्यापार अधिशेष घटकर 34.4 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 40.89 अरब डॉलर था। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका के सभी देशों पर समान 10ब शुल्क लागू किए जाने के बाद वैश्विक व्यापार प्रतिस्पर्धा का नया माहौल बन गया है। ऐसे में भारत और अमेरिका दोनों अपने-अपने हितों के हिसाब से समझौते की शर्तों में बदलाव कर सकते हैं।

## रेप पीड़िता को गर्भपात की अनुमति : हाईकोर्ट ने कहा प्रजनन अधिकारों का सम्मान जरूरी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में 16 वर्षीय रेप पीड़िता को गर्भपात कराने की इजाजत दे दी है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी भी महिला को अपने शरीर और प्रजनन संबंधी निर्णय लेने का पूरा अधिकार है, इस भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त जीवन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार का अभिन्न अंग माना जाना चाहिए। मामले की सुनवाई के दौरान, विशेष लोक अभियोजक सविता पाठक ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में सामने आया कि पीड़िता करीब सात सप्ताह की जुड़वा बच्चों की गर्भावस्था से गुजर रही थी, जिसमें 19 मार्च को प्रयागराज के महिला अस्पताल में हुए अल्ट्रासाउंड में दोनों भ्रूण जीवित पाए गए थे।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू कनौजिया की पीठ ने सुनवाई कर महिलाओं की शारीरिक स्वायत्तता और प्रजनन संबंधी निर्णयों के सम्मान पर जोर दिया। इलाहाबाद की अदालत ने आदेश में कहा कि नाबालिगों और अनचाही गर्भावस्था से जुड़े मामलों में महिलाओं के प्रजनन अधिकारों पर अनावश्यक बाधाएं नहीं लगा सकतीं, क्योंकि ऐसा करना उनके संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने जैसा होगा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की कि पीड़िता के परिजनों ने 9 मई को ही जांच अधिकारी को गर्भावस्था की जानकारी दे दी थी, लेकिन इसके बावजूद गर्भपात की प्रक्रिया को लेकर समय पर कोई कदम नहीं उठाया गया। मामले की परिस्थितियों और पीड़िता की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अदालत ने गर्भपात की अनुमति को उचित ठहराया और संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को कानून के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## एडीजे राजीव गोयल को हाईकोर्ट ने तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक बेहद कड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) राजीव गोयल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राजीव गोयल वर्तमान में कैथल में तैनात थे, लेकिन इससे पहले वे पंचकूला में सीबीआई की विशेष अदालत के जज के रूप में कई बेहद संवेदनशील और बड़े मामलों की सुनवाई कर चुके हैं। उनकी सेवाओं को निलंबित करने का यह अहम फैसला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में हुई एक फुल कोर्ट बैठक के दौरान लिया गया। यह सख्त कार्रवाई न्यायिक अधिकारी के खिलाफ संभावित अनुशासनात्मक और विभागीय कार्यवाही शुरू करने के मद्देनजर की गई है।



सीबीआई कोर्ट के विशेष जज के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राजीव गोयल ने कई महत्वपूर्ण फैसले सुनाए थे। विशेष बात यह है कि उन्होंने इसी वर्ष 20 अप्रैल को एक अन्य पूर्व निलंबित न्यायिक अधिकारी सुधीर परमार को भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी किया था, जो कानूनी गलियारों में काफी चर्चा का विषय रहा था। गौरतलब है कि सुधीर परमार को भी अप्रैल 2023 में भ्रष्टाचार के आरोपों और रियल-एस्टेट डेवलपर्स के प्रति कथित पक्षपात की ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद निलंबित किया गया था। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश और अन्य जजों ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 225 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजीव गोयल पर यह कार्रवाई की है। निलंबन आदेश के लागू रहने तक राजीव गोयल का मुख्यालय कैथल ही तय किया गया है। विभागीय जांच पूरी होने तक वे कैथल के जिला और सत्र न्यायाधीश की लिखित पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़कर कहीं बाहर नहीं जा सकेंगे। निलंबन की इस अवधि के दौरान राजीव गोयल को नियमों के मुताबिक निर्वाह भत्ता दिया जाएगा, जो उस अवकाश वेतन के बराबर होगा जो उन्हें आधे वेतन पर अवकाश के दौरान मिलता। इसके अतिरिक्त, यदि वे पात्र पाए जाते हैं तो उन्हें हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम, 2016 के अध्याय 7 के तहत अन्य भत्ते भी दिए जाएंगे। यह पूरा नियम उनके निलंबन की तारीख से ही प्रभावी माना जाएगा। उच्च न्यायपालिका द्वारा अपने ही एक वरिष्ठ जज के खिलाफ की गई इस अचानक और सख्त कार्रवाई से राज्य के प्रशासनिक और कानूनी हलकों में हड़कंप मच गया है।

## आईएसआई की साजिश का खुलासा... ओवर ग्राउंड वर्कर्स को बचाने के लिए नई रणनीति

श्रीनगर। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आईएसआई ने जम्मू-कश्मीर में अपने ओवर ग्राउंड वर्कर्स को सुरक्षा कार्रवाई से बचने के लिए राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में घुसपैठ करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पुराने आतंकी संगठनों को फिर से सक्रिय कर उन्हें स्थानीय आंदोलन का रूप देने की भी कोशिश की जा रही है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई अब जम्मू-कश्मीर में अपने ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क को सुरक्षित रखने के लिए नई रणनीति अपना रही है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आईएसआई ने अपने समर्थकों और ओजीडब्ल्यू को राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में घुसपैठ करने के निर्देश दिए हैं ताकि वे सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई और जांच से बच सकें।

अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए ओजीडब्ल्यू से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि कुछ लोग राजनीतिक दलों की आड़ में भी सक्रिय हैं। उनका उद्देश्य आतंकवादी संगठनों को लॉजिस्टिक सपोर्ट, भर्ती और फंडिंग उपलब्ध कराना है। सूत्रों के अनुसार आईएसआई की यह रणनीति आतंकवादी गतिविधियों को स्थानीय आंदोलन का रूप देने और पाकिस्तान की सीधी भूमिका को छिपाने की कोशिश है। इसके तहत पुराने और निष्क्रिय हो चुके आतंकी संगठनों जैसे अल-उमर मुजाहिदीन, अल बद्र और तहरीक-उल-मुजाहिदीन को फिर से सक्रिय करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

### सुरक्षा एजेंसियों ने बढ़ाई सतर्कता

सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि पहले भी संदिग्ध लोग गिरफ्तारी से बचने के लिए वोटर आईडी और आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों का इस्तेमाल करते रहे हैं, और अब राजनीतिक दलों की सदस्यता कार्ड का सहारा लेने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी राजनीतिक नेतृत्व का इन गतिविधियों से कोई संबंध नहीं है। साथ ही यह भी बताया कि सुरक्षा एजेंसियां इन नेटवर्कों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं और किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद समर्थक नेटवर्क और विचारधारा के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही हैं ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।

## सेलिना जेटली की बढ़ी मुश्किलें, पति-ससुर ने भेजा कानूनी नोटिस

मुंबई,। अभिनेत्री सेलिना जेटली की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। तलाक और बच्चों की कस्टडी को लेकर चल रहे विवादों के बीच, उन्हें पति पीटर हाग और ससुर वोल्फगैंग जे. हाग ने दो अलग-अलग कानूनी नोटिस भेज दिए हैं। मुंबई स्थित विधि फर्म ने पुष्टि की है कि ये नोटिस सोशल मीडिया और विभिन्न मीडिया माध्यमों से उन बातों के संबंध में जारी किए गए हैं, जिन्हें हाग परिवार ने भ्रामक, असत्य और मानहानिकारक बताया है। पहला नोटिस ससुर वोल्फगैंग जे. हाग ने भेजा है, जबकि दूसरा स्वयं पति हाग ने अपने और अपने तीन नाबालिग बच्चों के हितों की सुरक्षा में जारी किया है। परिवार का आरोप है कि बीते कुछ समय से सार्वजनिक मंचों पर उनके खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि हाग और सेलिना जेटली के बीच वैवाहिक विवाद और बच्चों की कस्टडी से जुड़े मामले वर्तमान में ऑस्ट्रिया की अदालतों में विचाराधीन हैं। न्यायिक प्रक्रिया जारी होने के बावजूद, मामले से जुड़े कई बयान, इंटरव्यू और सोशल मीडिया पोस्ट सार्वजनिक किए गए, जिसमें हाग परिवार पर गंभीर आरोप लगाए गए।

हाग परिवार का कहना है कि उन्होंने लंबे समय तक सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने से परहेज किया, ताकि संवेदनशील मुद्दों का समाधान कानूनी प्रक्रिया से किया जा सके। हालांकि, लगातार लग रहे सार्वजनिक आरोपों और मीडिया में उनके प्रसार के चलते अब कानूनी कदम उठाना जरूरी हुआ था। नोटिस में उन आरोपों का विशेष रूप से खंडन किया गया है, जिसमें हाग को हिंसक, अपमानजनक या डराने-धमकाने वाला बताया गया है। इसके अलावा, बच्चों को छिपाने, उनकी सोच को प्रभावित करने या ब्रेनवॉश करने, उत्पीड़न करने और धर्म से जुड़े कुछ आरोपों को भी परिवार ने पूरी तरह निराधार बताया है। बच्चों की निजता और मानसिक स्थिति पर परिवार ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि लगातार सार्वजनिक चर्चाओं, तस्वीरों को पोस्ट करने और निजी मामलों को मीडिया में लाने से बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उनका मानना है कि बच्चों से जुड़े संवेदनशील मामलों को गोपनीयता से निपटाया जाना चाहिए, न कि सार्वजनिक बहस या मीडिया ट्रायल का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

मामले पर प्रतिक्रिया देकर विधि फर्म से जुड़े एक व्यक्ति ने कहा, महिलाओं की सुरक्षा के कानून महत्वपूर्ण हैं, लेकिन किसी भी वैवाहिक विवाद को बिना पुष्टि के आरोपों और सार्वजनिक अभियानों के जरिए मीडिया ट्रायल में बदलना उचित नहीं है। परिवार ने साफ किया है कि यदि नोटिस में उल्लिखित मांगों का पालन नहीं किया गया, तब वे आगे आपराधिक कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। हाग फैमिली के अनुसार, उनकी प्राथमिकता बच्चों की सुरक्षा, सम्मान, मानसिक स्वास्थ्य और निजता बनाए रखना है।

### हिमंता सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार 5 जून को



गुवाहाटी। असम में हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिपरिषद का विस्तार 5 जून को होगा। मुख्यमंत्री सरमा ने खुद इसकी जानकारी दी है। यह विस्तार तब हो रहा है जब हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने प्रचंड बहुमत हासिल कर सत्ता में वापसी की है। सीएम सरमा के सफल नेतृत्व में लड़े गए इन चुनावों में भाजपा ने 126 सदस्यीय विधानसभा में 82 सीटों पर जीत दर्ज की। एनडीए गठबंधन ने लगातार तीसरी बार राज्य की कमान संभाली है। चुनावों में मिली शानदार जीत के बाद हिमंता बिस्वा सरमा ने 12 मई, 2024 को लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने पहली बार 2021 में असम के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। राजनीतिक सफर की बात करें तो, सरमा 23 अगस्त, 2015 को कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। अब उनके दूसरे कार्यकाल का यह पहला मंत्रिपरिषद विस्तार होगा।

## पर्यटकों से भरी कार चंबा की खाई में गिरी, 8 की मौत

### होटल प्रबंधन ने पुलिस को दी थी सूचना

चंबा। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहाँ चुराह उपमंडल में बैरागढ़-साच पास-किलाड़ मार्ग पर पर्यटकों से भरी एक एर्टिगा कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस भीषण सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के दो परिवारों के सात सदस्यों समेत कुल आठ लोगों की मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना 29 मई की आधी रात को घटित हुई। हादसे के बाद से ही कार में सवार सभी लोग लापता थे और उनके बचने की उम्मीद न के बराबर थी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा मौके पर सघन खोज से पता चला की 8 की मौत हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखने वाले दो परिवारों के सात लोग हिमाचल प्रदेश में छुट्टियां बिताने और घूमने के लिए आए थे। ये सभी पर्यटक चंबा जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी के एक होटल में ठहरे हुए थे। 29 मई की सुबह वे सभी गाड़ी किराये पर लेकर साच पास की तरफ साइट सीन (घूमने) के लिए निकले थे। तय कार्यक्रम के अनुसार पर्यटकों को उसी दिन शाम तक वापस डलहौजी के होटल में लौटना था, जहाँ उन्होंने एडवांस बुकिंग करा रखी थी। जब देर रात तक भी पर्यटक वापस होटल नहीं लौटे और होटल प्रबंधन का उनसे किसी भी माध्यम से संपर्क नहीं हो सका, तो उन्होंने अनहोनी की आशंका के चलते तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने होटल प्रबंधन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल लोकेशन और रास्तों की कड़ियों को जोड़ते हुए तलाश शुरू की, जिसके बाद इस भीषण हादसे का पता चला।

## मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी बोले- गर्मी में देशी पेय अपनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड में देशवासियों से भीषण गर्मी और हीटवेव के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में इस समय तेज गर्मी पड़ रही है और लोगों को पर्याप्त पानी पीने, धूप में निकलते समय सतर्क रहने तथा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि भारतीय परंपरा में गर्मी से राहत पाने के अनेक प्राकृतिक उपाय मौजूद हैं और देशी पेय पदार्थ इसका महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने उत्तर भारत के आम पन्ना, पंजाब-हरियाणा की लस्सी, राजस्थान-गुजरात की छाछ, बिहार-झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के सत्तू शरबत, कोंकण और गोवा के कोकम शरबत व सोल कढ़ी तथा दक्षिण भारत के पानकम, नीर मोर और सम्बारम जैसे पेय पदार्थों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये पेय केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और भारतीय परंपरा से भी जुड़े हुए हैं।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भारतीय एथलेटिक्स की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में महज दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन बार टूटा, जो भारतीय खेल जगत के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने युवा धावकों गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर की विशेष रूप से सराहना की। गुरिंदरवीर सिंह ने रांची में आयोजित फेडरेशन कप सीनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 10.09 सेकेंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और देश के सबसे तेज धावक बने।

### आम उत्पादक किसानों की प्रशंसा की

प्रधानमंत्री ने आम के मौसम का उल्लेख करते हुए देश के विभिन्न क्षेत्रों में मिलने वाली आम की विविध प्रजातियों की चर्चा की। उन्होंने महाराष्ट्र के हापुस और अल्फांसो, गुजरात के केसर, उत्तर प्रदेश के दशहरी और लंगड़ा, दक्षिण भारत के बंगनपल्ली, तोतापुरी, नीलम तथा पश्चिम बंगाल के हिमसागर आम का जिक्र किया। उन्होंने आम उत्पादक किसानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय आम अब वैश्विक बाजारों में भी अपनी पहचान बना रहा है।

### नीदरलैंड यात्रा का किया उल्लेख

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड की अपनी हालिया यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वहां से चोल काल की 1000 वर्ष से अधिक पुरानी 24 ताम्रपट्टिकाएं भारत को वापस सौंपी गई हैं। इनमें 21 बड़ी और तीन छोटी ताम्रपट्टिकाएं शामिल हैं। इन अभिलेखों में राजा राजेंद्र चोल प्रथम द्वारा अपने पिता राजा राजराजा चोल के वचन को पूरा करने तथा एक बौद्ध विहार को भूमि दान देने का उल्लेख मिलता है।

## सीबीएसई छात्रों से मिले राहुल गांधी, परीक्षा परिणामों में गड़बड़ियों को लेकर उठाए सवाल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया और परिणामों में गड़बड़ियों को लेकर छात्रों से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए दावा किया कि अपनी समस्याओं को लेकर सवाल उठाने वाले छात्रों को समाधान के बजाय आलोचना और अपमान का सामना करना पड़ा। उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया।

साझा किए गए वीडियो में राहुल गांधी कुछ छात्रों से परीक्षा परिणामों और उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं। इनमें वेदांत नामक छात्र भी शामिल है, जिसने पहले अपनी उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन में कथित त्रुटि का मुद्दा उठाया था। छात्र का दावा है कि जब उसने अपनी फिजिक्स की उत्तरपुस्तिका की प्रति प्राप्त की, तो उसमें उसकी लिखावट नहीं थी और किसी अन्य छात्र की उत्तरपुस्तिका उससे संबद्ध दिखाई गई थी।

वीडियो में वेदांत ने बताया कि परीक्षा अच्छी होने के बावजूद अपेक्षा से कम अंक मिलने पर उसने उत्तरपुस्तिका की कॉपी मंगाई। दस्तावेज देखने पर उसे अपनी लिखावट नहीं मिली, जिसके बाद उसने इस मामले को सार्वजनिक किया। छात्र ने यह भी कहा कि इस मुद्दे को उठाने के बाद उसे सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का



सामना करना पड़ा और उसे आपत्तिजनक टिप्पणियों का निशाना बनाया गया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीडियो साझा करते हुए व्यंग्यात्मक अंदाज में लिखा कि उन्होंने अपने ‘देशद्रोही’ और ‘सोरोस एजेंट’ कहे जाने वाले साथियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि ये छात्र प्रतिभाशाली और साहसी युवा हैं, जिन्होंने केवल अपनी समस्याओं को लेकर सवाल पूछे, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। कांग्रेस नेता ने कहा कि छात्रों को बेहतर और सुरक्षित भविष्य मिलना चाहिए तथा उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए।

बातचीत के दौरान कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रश्न उठाने पर उन्हें ‘एंटी नेशनल’ या ‘डीप स्टेट एजेंट’ जैसे शब्दों से संबोधित किया गया। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान तभी संभव है जब उसे स्वीकार किया जाए। उनका कहना था कि समस्याओं को स्वीकार करने के बजाय छात्रों को ही दोषी ठहराना उचित नहीं है।

हालांकि, राहुल गांधी ने अभी केवल बातचीत का एक अंश ही साझा किया है और पूरी चर्चा सार्वजनिक नहीं की है। इस बीच परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया और परिणामों की पारदर्शिता को लेकर बहस एक बार फिर तेज हो गई है।

## मुख्यमंत्री लाड़की बहिन योजना से 80 लाख महिलाएँ बाहर

### ई-केवाईसी विस्तार की उम्मीद समाप्त

मुंबई । महाराष्ट्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहिन योजना के भविष्य को लेकर चल रही तमाम अटकलों के बीच महत्वपूर्ण खबर आई है। सरकारी सत्यापन अभियान के बाद योजना की लाभार्थी सूची से 80 लाख महिलाओं के नाम हटाए गए हैं, जिसके चलते अब कुल लाभार्थियों की संख्या 2.46 से घटकर 1.66 करोड़ बची है। महाराष्ट्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी की समयसीमा को आगे बढ़ाने या नए लाभार्थियों को जोड़ने की फिलहाल कोई योजना नहीं है।

यह फैसला 30 अप्रैल को समाप्त हुई ई-केवाईसी मुहिम के बाद आया है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, उन महिलाओं की अपील के बावजूद तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाएगी जिनकी ई-केवाईसी अधूरी रह गई थी। 80 लाख नामों के हटने के पीछे मुख्य कारण निर्धारित समय तक ई-केवाईसी पूरा न कर पाना, दस्तावेजों का अधूरा या गलत होना, योजना के पात्रता मानदंडों को पूरा न कर पाना और व्यक्तिगत जानकारी में गड़बड़ी होना बताया गया है। अधिकारियों ने बताया कि महायुति सरकार ने नवंबर 2023 से ई-केवाईसी की समयसीमा को कई बार बढ़ाया था और 30 अप्रैल को अंतिम तारीख घोषित की थी।

दक्षिण सतपुड़ा
राजनीति | समाज | देशकाल
और गांव कनेक्शन की खबरें

# पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव

बालाघाट एक्सप्रेस



/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in
E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### सूने मकान का कुंदा तोड़कर चोरों ने उड़ाए 95 हजार रुपये कीमत के नगदी और जेवरात

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। परसवाड़ा पुलिस अनुभाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम चांगोटोला में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नगदी और सोने-चांदी के जेवरात सहित करीब 95 हजार रुपये की चोरी कर ली। घटना उस समय हुई जब मकान मालिक परिवार सहित गांव से बाहर गया हुआ था। मकान मालिक भूमेश कटरे 40 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर चांगोटोला पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चांगोटोला वार्ड क्रमांक-1 निवासी 40 वर्षीय भूमेश कटरे का मकान आबादी से कुछ दूरी पर स्थित है। 28 मई को भूमेश कटरे अपने परिवार के साथ ग्राम दीनाटोला गए हुए थे। 30 मई की सुबह लगभग 9 बजे जब वे परिवार सहित वापस लौटे तो मकान के मुख्य गेट का कुंदा टूटा हुआ मिला।घर के अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि अंदर के कमरे का दरवाजा भी टूटा हुआ था तथा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी की जांच करने पर उसमें रखे करीब 9 से 10 हजार रुपये नगद गायब मिले। वहीं दीवान पलंग में रखे सोने-चांदी के जेवरात भी चोरी हो चुके थे। चोरी गए सामान में चांदी की पायल, सोने के झुमके, सोने की चैन एवं मंगलसूत्र शामिल हैं। चोरी गए नगदी एवं जेवरात की कुल कीमत लगभग 95 हजार रुपये बताई गई है। भूमेश कटरे की रिपोर्ट पर चांगोटोला पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(3) एवं 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने के साथ ही आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### टिंगीपुर शासकीय राशन दुकान का ताला टूटा, 37 बोरी अनाज चोरी

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मलाजखंड थाना क्षेत्र के ग्राम टिंगीपुर स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर 37 बोरी राशन सहित इलेक्ट्रॉनिक कांटा चोरी कर लिया। घटना 10 मई की शाम से 25 मई की सुबह के बीच की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टिंगीपुर में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सेल्समैन दीपक पंचेश्वर निवासी ग्राम बाहकल हैं। उन्होंने 10 मई की शाम करीब 5 बजे दुकान बंद कर ताला लगाया और अपने घर चले गए थे। 25 मई की सुबह लगभग 5:30 बजे ग्राम टिंगीपुर के लोकसिंह मेरावी एवं रामेश्वर धुर्वे ने उन्हें फोन कर बताया कि दुकान का ताला टूटा हुआ है।सूचना मिलने पर दीपक पंचेश्वर तत्काल दुकान पहुंचे। निरीक्षण करने पर पाया कि दुकान का ताला टूटा हुआ था और गोदाम से 37 बोरी राशन गायब था। चोरी गए राशन में लगभग 7 क्विंटल 1 किलो गेहूं तथा 11 क्विंटल 77 किलो चावल शामिल है। इसके अलावा दुकान में रखा एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी चोरी हो गया।घटना की जानकारी सेल्समैन ने तत्काल प्रबंधक पी.एस. मेरावी, बी.एम. दिलीप रामटेके तथा फूड इंस्पेक्टर श्रीवास्तव को दी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दुकान का निरीक्षण किया और चोरी की पुष्टि की।दीपक पंचेश्वर की रिपोर्ट पर मलाजखंड पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर लिया है। चोरी गए 37 बोरी राशन एवं इलेक्ट्रॉनिक कांटा की कुल कीमत करीब 10400 रुपये बताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रेमी जोड़े के परिजनों में हुई मारपीट, सीएसपी कार्यालय में सुरक्षा पर सवाल

## प्रेम विवाह के मामले में बयान दर्ज कराने पहुंचे परिजनों के बीच विवाद, पुलिस की मौजूदगी में मारपीट का आरोप

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया जब प्रेम विवाह से जुड़े एक मामले में पहुंचे दो परिवारों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। घटना के बाद पुलिस कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार शहर के एक ही समाज से जुड़े युवक और युवती ने आपसी सहमति से घर से निकलकर विवाह कर लिया था। युवती के परिजनों द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों को विशाखापट्टनम से तलाश कर बालाघाट लाया। इसके बाद दोनों के बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया के तहत उन्हें नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय लाया गया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दोनों पक्षों के परिजन भी कार्यालय परिसर में मौजूद थे। आरोप है कि बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और युवती पक्ष के कुछ लोगों ने युवक पक्ष के परिजनों के साथ मारपीट कर दी। युवक पक्ष का आरोप है कि घटना पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में हुई । मारपीट के बाद युवक पक्ष के परिजनों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब पुलिस कार्यालय के भीतर ही वे सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। उनका आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में हुए इस घटनाक्रम ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। घटना के बाद कार्यालय परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं दोनों पक्षों के लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराने का प्रयास किया गया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब लोगों की नजर पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मामले की जांच के बाद पुलिस द्वारा क्या कदम उठाए जाते हैं और कार्यालय परिसर में हुई इस घटना को लेकर जिम्मेदार लोगों पर





क्या कार्रवाई की जाती है।

शहर के कुम्हारी मोहल्ला निवासी तनिष्क मोदी पिता विनोद मोदी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि उन्होंने शहर की ही 22 वर्षीय युवती से प्रेम संबंध होने के बाद बीते जनवरी माह में धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह कर लिया था। विवाह के बाद दोनों शहर से बाहर चले गए थे। इस दौरान युवक और युवती दोनों के परिजनों ने अपने-अपने बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। तनिष्क मोदी के अनुसार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को विशाखापट्टनम के एक होटल से बरामद किया और 30 मई की रात लगभग 4 बजे बालाघाट लाकर कोतवाली थाना में रखा गया। इसके बाद 31 मई को दोनों के बयान दर्ज कराने के लिए उन्हें नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय ले जाया गया। तनिष्क का कहना है कि उनके साथ उनकी पत्नी दिव्या ज्योति, पिता विनोद मोदी, माता तथा अन्य परिजन भी कार्यालय पहुंचे थे। तनिष्क ने आरोप लगाया कि सीएसपी कार्यालय के अंदर पहुंचने के कुछ ही देर बाद युवती पक्ष के 10 से 15 लोग वहां पहुंचे और उन्होंने उनके परिवार पर हमला कर दिया। उनके अनुसार इस दौरान उनकी पत्नी एवं परिजनों के साथ मारपीट की गई तथा चाकू से हमला करने का भी प्रयास किया गया। तनिष्क का दावा है कि चाकू उन्हें नहीं लगा, लेकिन उनकी मां के सिर के पास से गुजर गया। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में इस प्रकार की घटना होना बेहद गंभीर विषय है। तनिष्क मोदी और उनके पिता विनोद मोदी ने आरोप लगाया कि जब पुलिस कार्यालय के भीतर ही उनके साथ मारपीट की जा सकती है तो आम नागरिक आखिर कहां सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि दोनों बालिग हैं और अपनी इच्छा से विवाह कर चुके हैं, इसके बावजूद उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार किया गया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### युवती पक्ष ने आरोपों को बताया निराधार

युवती के पिता नीरज मोदी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि उनकी बेटी कुछ समय पहले घर से चली गई थी, जिसके बाद पूरा परिवार परेशान था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस द्वारा बेटी को खोजकर वापस लाए जाने की जानकारी मिलने पर वे अपनी पत्नी और परिजनों के साथ उससे मिलने सीएसपी कार्यालय पहुंचे थे। नीरज मोदी के अनुसार उनकी पत्नी भावनात्मक रूप से अपनी बेटी को समझाने का प्रयास कर रही थीं। इसी दौरान तनिष्क की मां योगिता मोदी ने विवाद शुरू कर दिया और युवती की माँ को धक्का देकर गिरा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उनके परिजन बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो तनिष्क और उसके पिता ने भी विवाद बढ़ा दिया। इसी दौरान धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हुई, जिसमें कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने कहा कि उनके परिवार द्वारा किसी प्रकार की सुनियोजित मारपीट नहीं की गई। जो भी विवाद हुआ, वह अचानक उत्पन्न हुई परिस्थितियों के कारण हुआ।

### सीएसपी कार्यालय के अंदर मारपीट होना कितना सही?

तनिष्क और उनके परिजनों ने पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि उन्हें नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वहीं उनके साथ मारपीट की घटना हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की मौजूदगी में ऐसी घटनाएं होती हैं तो आम लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। तनिष्क ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पत्नी के परिजन प्रभावशाली हैं और उनके कुछ रिश्तेदार पुलिस विभाग में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। इसी प्रभाव के कारण उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने मांग की कि घटना के समय उपस्थित पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

### पुलिस करेगी मामले की जांच

इस पूरे मामले को लेकर जब नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मामले में शिकायतों और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अब देखना होगा कि प्रेम विवाह के बाद उत्पन्न हुए इस विवाद में पुलिस जांच के दौरान क्या तथ्य सामने आते हैं और दोनों पक्षों द्वारा लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई निकलकर सामने आती है।

# वन्य प्राणियों के शिकार के लिए बिछाए गए करंटयुक्त तार की चपेट में आने से महिला की मौत

## घास काटने जंगल गई थी महिला- खेत के चारों ओर लगाए गए विद्युत तार से हुआ हादसा

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गर्रा गोसाई में वन्य प्राणियों के शिकार के उद्देश्य से खेत के चारों ओर लगाए गए करंटयुक्त तार की चपेट में आने से एक महिला शीला बाई पति सुखराम मर्सकोले 56 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर तिरोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गर्रा गोसाई निवासी शीला बाई मर्सकोले 56 वर्ष अपने परिवार के साथ खेती एवं मजदूरी का कार्य करती थीं। 31 मई की सुबह लगभग 8:30 बजे वह घर के मवेशियों के लिए घास काटने गांव के नारबोद टेकरा जंगल क्षेत्र की ओर गई थीं।काफी समय बीत जाने के बाद भी जब शीला बाई घर नहीं लौटीं तो दोपहर करीब 2 बजे उनके पति सुखराम मर्सकोले उन्हें तलाश ने जंगल की ओर पहुंचे। तलाश के दौरान उन्हें खेत के पास शीला बाई मृत अवस्था में मिलीं।बताया गया है कि जिस खेत के समीप महिला का शव मिला, वहां धान की फसल लगी हुई थी। खेत के चारों ओर जीआई तार को लकड़ी की खूंटियों के सहारे बांधकर लगाया गया था। जिसमें विद्युत करंट प्रवाहित किया जा रहा था। घास काटने के दौरान शीला बाई का संपर्क उक्त करंटयुक्त तार से हो गया।जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना पर तिरोड़ी थाना से सहायक उपनिरीक्षक उमेश दियेवार पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कटंगी अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही करंटयुक्त तार लगाने वाले जिम्मेदार व्यक्ति की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

आवश्यकता है
कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है
संपर्क करें-पद्मेश सिटी केबल काली पुतली चौक, बालाघाट

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट